प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 17.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय कृषि मंत्री ने किसानों के लिए एआई आधारित "भारत–विस्तार" का किया शुभारंभ, अब एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलेगी मौसम, मंडी के भाव, फसल संबंधी सलाह और योजनाओं की जानकारी।
2. झारखंड विधानसभा के बजट सत्र को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, कल से 19 मार्च तक सवेरे 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक परिसर के 750 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा रहेगी लागू।
3. राज्य निर्वाचन आयोग निकाय चुनाव की तैयारियों को दे रहा अंतिम रूप, बूथों और डिस्पैच सेंटर में व्यवस्था की जा रही पुख्ता, वोटिंग के दो दिन पहले से बंद रहेंगी शराब दुकानें।
4. राज्य में हाथियों के हमले में मौत पर प्रभावित परिवारों को 7 दिनों में मिलेगा मुआवजा, 30 मिनट में पहुंचेंगी क्विक रिस्पांस टीम, वन विभाग की बैठक में लिया गया फैसला।
5. अमर वीर शहीद बुधु भगत की जयंती आज, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने दी श्रद्धांजलि, रांची के चान्हो और लोहरदगा में हो रहा विशेष आयोजन।

*********************

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज जयपुर में देशभर के किसानों के लिए एक नए डिजिटल सहयोगी कार्यक्रम भारत–विस्तार का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने एआई हैकाथॉन, एग्रीकोश और एआई रणनीति रोडमैप का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसानों को प्रौद्योगिकी से सशक्त बनाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया यह एआई–आधारित प्लेटफॉर्म मौसम संबंधी अपडेट, मंडी के भाव, कीट एवं रोग प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य, फसल संबंधी सलाह और सरकारी योजनाओं से संबंधित सभी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराएगा।

*********************

बजट सत्र के दौरान सुरक्षा के लिहाज से 18 फरवरी से 19 मार्च 2026 तक सवेरे आठ बजे से रात्रि दस बजे तक झारखंड विधानसभा परिसर के साढ़े सात सौ मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। यह निषेधाज्ञा झारखंड उच्च न्यायालय परिसर में लागू नहीं होगी। रांची के उपायुक्त के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा जारी आदेश के तहत इस दौरान किसी भी तरह के जुलूस, रैली, घेराव और धरना प्रदर्शन पर रोक रहेगी।

*********************

झारखंड विधानसभा के कल से शुरु होने वाले बजट सत्र को लेकर सत्ता पक्ष के विधायकों की आज शाम अहम बैठक होगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में होनेवाली इस बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के विधायक और नेता मौजूद रहेंगे।

*********************

नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य में बालू के अवैध कारोबार मामले की प्रवर्तन निदेशालय से जांच कराने की मांग की है। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बालू के अवैध खनन से न केवल आम जनता आर्थिक रूप से शोषित हो रही है, बल्कि पर्यावरण को भी अपूरणीय क्षति पहुंच रही है। श्री मरांडी ने कहा कि बालू घाटों की पारदर्शी नीलामी होनी चाहिए।

*********************

नगर निकाय चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग तैयारियों को अंतिम रुप दे रहा है। इस सिलसिले में 23 फरवरी को होने वाले मतदान के 48 घंटे पहले से शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मतदान कर्मियों को भी प्रशिक्षण देने का सिलसिला लगातार जारी है. इसके साथ डिस्पैच सेंटर और मतदान केंद्रों पर भी सभी व्यवस्थाएं पुख्ता की जा रही है।

*********************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि तीन वर्षों तक नगर निकाय चुनाव टाले जाने से राज्य को लगभग पांच हजार एक सौ करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शहरी विकास के लिए प्रति वर्ष लगभग एक हजार सात करोड़ रुपए दिए जाते हैं, लेकिन निकाय चुनाव नहीं होने से झारखंड इस राशि से वंचित रहा।

राज्य सरकार में मंत्री और झामुमो नेता हफीजुल हसन ने धनबाद नगर निगम में पार्टी समर्थित प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल के समर्थन में प्रचार किया। उन्होंने कहा कि इस बार विकास पर वोट होगा।

कांग्रेस सांसद कालीचरण मुंडा ने खूंटी नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए पार्टी समर्थित प्रत्याशी मनोनीत बोदरा के समर्थन में प्रचार करते हुए कहा कि यह चुनाव खूंटी शहर के विकास की रुपरेखा तय करेगा।

इधर, सभी नगर निकाय चुनावों को लेकर तमाम प्रत्याशियों के द्वारा अपना संकल्प पत्र जारी किया जा रहा है। वे मतदाताओं से मुलाकात कर विकास से जुड़ी प्राथमिकताएं बता रहे हैं।

*********************

लोहरदगा नगर परिषद् के 23 फरवरी को होने वाले चुनाव को लेकर अध्यक्ष और वार्ड पार्षद के प्रत्याशियों के द्वारा सघन प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। वे लगातार मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं।

*********************

वन विभाग ने कहा है कि राज्य में जंगली हाथियों के हमले में होने वाली मौत पर प्रभावित परिवारों को 7 दिनों में मुआवजे की राशि मिल जाएगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीव कुमार की अध्यक्षता में वन विभाग के अधिकारियों की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि हाथियों की आगे की सूचना मिलने पर 30 मिनट की समय सीमा में वन विभाग की क्विक रेस्पॉन्स टीम स्पॉट पर पहुंच जाएगी।

*********************

आईआईटी–आईएसएम, धनबाद के प्रोफेसर डॉक्टर एसके रियाजुद्दीन ने मिशन ग्रीन को लेकर हाइड्रोजन गैस तैयार करने के नए और सस्ते विकल्प की खोज की है। उन्होंने बताया कि कम लागत में हाइड्रोजन गैस को पृथक करने की तकनीक से बिना प्रदूषण उत्सर्जन के कई उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।

*********************

शेयर बाजार में फिलहाल बढ़त देखने को मिल रही है। सेंसेक्स करीब 250 अंकों की बढ़त के साथ अभी 83 हजार 525 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी 50 अंकों की बढ़त के साथ 25 हजार 730 पर कारोबार कर रहा है।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 42 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 65 हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************

लरका आंदोलन के नेतृत्वकर्ता अमर वीर शहीद बुधु भगत की जयंती आज मनाई जा रही है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ उनका संघर्ष और बलिदान आनेवाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। वहीं उनकी जयंती को लेकर रांची के चान्हो स्थित पैतृक गांव और लोहरदगा जिले में विशेष आयोजन हो रहा है।

*****************